वादपत्र अन्तर्गत धारा—188,209
राज0 काश्त0 अधि0—1955

**—:निर्णयः—**

निर्णय तिथिः—24.04.2025

1. आज यह पत्रावली राजस्व वाद अन्तर्गत धारा—188, 209 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम—1955 वास्ते निर्णय पेश हुई। प्रकरण का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि वादी द्वारा राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा—188, 209 के अन्तर्गत एक राजस्व वाद प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि वादी की खातेदारी आराजी खसरा संख्या 178/3.3265 है0 मौजा जालीखेड़ा पटवार मण्डल खुडाला तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर में अवस्थित हैं। वादी वक्त सेटलमेंट से उक्त भूमि पर काबिज काश्त है एवं वादी की खातेदारी आराजी के चारों तरफ पुरानी माठ बनी हुई है। वादी की उक्त खातेदारी आराजी के पड़ौस में प्रतिवादीगण की खातेदारी आराजी अवस्थित हैं। प्रतिवादीगण वादी की खातेदारी भूमि की पुरानी माठों को तोडकर जबरन कब्जा करने पर आमादा हैं। प्रतिवादीगण वादी की खातेदारी भूमि पर अपना अनाधिकृत कब्जा वादी के कब्जा काश्त की भूमि को अपनी भूमि बताकर अवैध कब्जा करना चाहते है तथा वादी की खातेदारी भूमि पर निर्माण कार्य करने पर आमादा है। यदि प्रतिवादीगण अपने मकसद में कामयाब हो जाते हैं तो वादी को अपूरणीय क्षति होगी। इस कारण वादीगण द्वारा वादीगण की खातेदारी आराजी की सुरक्षार्थ प्रतिवादीगण के विरूद्ध स्थाई निषेधाज्ञा का अनुतोष प्राप्त करने हेतु दावा प्रस्तुत किया गया है। अंत में वादीगण ने वादीगण की खातेदारी आराजी के सम्बन्ध में प्रतिवादीगण के विरूद्ध स्थाई निषेधाज्ञा का अनुतोष स्वीकार कर दावा डिक्री करने का निवेदन किया।

2. दावा पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। प्रतिवादीगण बाद विधिवत तामिल के अनुपस्थित रहने से प्रतिवादीगण के विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गई। तत्पश्चात पत्रावली वादी साक्ष्य में रखी गई।

3. वादी द्वारा प्रकरण में निम्न दस्तावेजी साक्ष्य व प्रदर्श प्रस्तुत किए गएः—

| प्रदर्श | दस्तावेज | दिनांक/सम्वंत |
|---|---|---|
| 1. | खाता संख्या 65 जमाबंदी वाके ग्राम जालीखेड़ा तहसील गुड़ामालानी | अंतिम चौसाला आधार सम्वत 2073—76 |
| 2. | खसरा संख्या 178 राजस्व नक्शा वाके ग्राम जालीखेड़ा तहसील गुड़ामालानी | वर्तमान |

4. प्रकरण में वादीगण द्वारा निम्न गवाह साक्ष्य प्रस्तुत किए गए, जिनकी चीफ करवाकर बयान लेखबद्ध किए जाकर शामिल पत्रावली किए गएः—

| क्र.स. | नाम मय वल्दीयत | निवासी |
|---|---|---|
| पी. डब्ल्यू.—1 | छोगाराम पुत्र लुम्बाराम | जालीखेड़ा तहसील गुड़ामालानी |

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.05.23 09:38:29 IST
Reason: SelfAttested

